मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 131 ■ मंगलवार, 6 अगस्त 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर में PWD मंत्री का गड्ढों से स्वागत

**मीटिंग**

## कुमार आयलानी की टिकट पर मंत्री की असहमति

- भाजपा जिला विस्तारित कार्यकारिणी बैठक
- कल्याण पूर्व से गणपत गायकवाड़ ही चुनाव लड़ेंगे -मंत्री
- भाजपा की हालत शहर के गड्ढों की तरह



### भाजपा में गुटबाजी चरम पर, नेतृत्व में भारी नाराजगी

पिछले चुनाव में भी आयलानी ने अपने साहुकार मित्रों की मदद से फंड देकर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से टिकट लेकर आए। नड्डा ने शहर में उनके पक्ष में प्रचार भी किया था। अब भाजपा जिलाध्यक्ष रामचंदानी व वरिष्ठ नेता जमनू पुरस्वानी तथा महेश सुखरामानी विधानसभा सभा टिकट के इच्छुक बताए जा रहे हैं। भाजपा उत्तर भारतीय नेता संजय गुप्ता ने तो आयलानी से ज्यादा चुनाव की तैयारी कर ली है। अब भाजपा में चल रही गुटबाजी का आगामी समय में क्या हश्र होगा यह तो शहरवासी ही तय करेंगे। लेकिन शहर की खस्ता हालत से अब शहरवासी भाजपा को दोबारा चुनाव में नहीं देखना चाहेंगे। शहरवासी नए चेहरे की तलाश में है। भाजपा व कालानी को शहवासी आजमा चुके हैं।

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर भाजपा जिला विस्तारित कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने रविवार की शाम को बांधकाम मंत्री रविंद्र चव्हाण आए हुए थे। जहां इस सभा का आयोजन किया गया रिजेंसी हॉल फर्निचर बाजार में वहां गड्ढों का साम्राज्य है। ऐसे में PWD मंत्री का उल्हासनगर में गड्ढों से स्वागत हुआ है बावजूद गड्ढों को नजरअंदाज किया जा रहा है। हाल ही में शहाड ब्रिज जो खतरनाक हो चुकी है वहां से भी प्रवासियों ने आना-जाना छोड़ दिया है लेकिन मंत्री, विधायक, सांसद व अधिकारी गहरी नींद में है। यह तो रही शहर के हालातों की बात लेकिन शहर का नेतृत्व करने वाली सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के हालत भी शहर के गड्ढों की तरह हो गए हैं। भाजपा में गुटबाजी के चलते नेतृत्व काफी कमजोर हो चुका है। इसका खामियाजा भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। वहीं उल्हासनगर की पूरी कमान संभाले हुए मंत्री रविंद्र चव्हाण ने कल्याण पूर्व से तो गायकवाड़ के ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी लेकिन उल्हासनगर से आयलानी के टिकट पर सहमति नहीं जताई है। जिससे आयलानी को टिकट नहीं मिलना अथवा दिल्ली से ही टिकट लाना ऐसा समझा जा रहा है।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर भाजपा का नेतृत्व प्रदीप रामचंदानी को मिला हुआ है जो मनपा में बतौर ठेकेदार के रूप में काम करते हैं और फाईल चोरी जैसे कई विवादों में भी घिरे हुए हैं। रामचंदानी पूरी तरह आयलानी विरोधी रहे हैं। रामचंदानी के नेतृत्व को कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नकारा। जिसमें आयलानी खेमा भी नाराज है। वरिष्ठ भाजपाइयों को आयलानी व रामचंदानी नेतृत्व ने हमेशा से ही किनारा किया है। इसके अलावा भी पुराने कट्टर भाजपाइयों को भी इन दोनों ने तवज्जो नहीं दी है जिस कारण कुछ भाजपाई कालानी से भी जुड़े हुए हैं। कुछ कालानी खेमे में जाने की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा में चल रही इस गुटबाजी का असर आगामी विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी मंत्री रविंद्र चव्हाण के करीबी हैं जिस कारण उन्हें यह पद मिला हुआ है और इसी कारण से वर्तमान विधायक कुमार आयलानी को टिकट देने पर मंत्री चव्हाण ने हामी नहीं भरी। इससे यह जाहिर है कि आयलानी को टिकट देने के पक्ष में भाजपा शहर से लेकर प्रदेश तक सहमति नहीं है।

# केमिकल कंपनी में विस्फोट

## बदलापुर में रिएक्टर और रिसीवर विस्फोट से पूरी कंपनी खाक

- पास के घर पर गिरा लोहे का रिसीवर
- महिला व बच्ची समेत 3 लोग घायल



**बदलापुर.** बदलापुर के मानकिवली एमआईडीसी स्थित एक केमिकल कंपनी में बड़ा विस्फोट हुआ है और पूरी कंपनी जलकर खाक हो गयी है. विस्फोट इतना भीषण था कि रिएक्टर का रिसीवर उड़ गया और 400 मीटर दूर स्थित एक चाली पर जा गिरा. जहां चाली में रहने वाले परिवार की एक छोटी बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए हैं. एक व्यक्ति को अपने दोनों पैर खोने पड़े हैं. सौभाग्य से, कंपनी का कोई भी कर्मचारी घायल नहीं हुआ.

बदलापुर के मानकिवली एमआईडीसी में रेयर फार्मा नाम की कंपनी है, जो केमिकल बनाती है. सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे जब कंपनी के रिएक्टर में प्रक्रिया चल रही थी, तभी अचानक रिसीवर में विस्फोट हो गया। इसके बाद वहां ज्वलनशील पदार्थ मेथनॉल के ड्रमों में भी आग लग गई. नतीजा यह हुआ कि पूरी कंपनी आग की लपटों में घिर गई। सूचना मिलने पर स्थानीय दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

विस्फोट इतना भीषण था कि रिएक्टर के साथ लगा रिसीवर उड़ गया और मानकिवली गांव में एक चाली पर जा गिरा। अग्निशमन अधिकारी भागवत सोनोने ने बताया कि इस घटना में इस चाली के एक परिवार के तीन लोग, एक पुरुष, एक महिला और एक छोटी लड़की घायल हो गए और उनमें से दो को मुंबई के केईएम अस्पताल भेजा गया है, जबकि एक का इलाज बदलापुर में चल रहा है।

### सोते हुए व्यक्ति का पैर टूटा

- केमिकल कंपनी के रिएक्टर में विस्फोट के कारण धातु का एक टुकड़ा पास के घर पर गिर गया, जिससे एक व्यक्ति को अपने दोनों पैर गंवाने पड़े। वहीं, उनकी पत्नी और बेटी भी घायल हो गईं. पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब 4:30 बजे की है.
- अधिकारी ने बताया कि धातु का एक टुकड़ा दुर्घटनास्थल से करीब 300 से 400 मीटर दूर गांव के एक घर पर गिरा. इससे घर में मौजूद लोग घायल हो गये. उन्होंने कहा, पीड़ित सो रहा था जब धातु का एक टुकड़ा घर पर गिरा। इससे घर के एक शख्स को अपने दोनों पैर गंवाने पड़े. उनकी बेटी के भी पैर में चोट आई है और उनकी पत्नी भी घायल हुई हैं. पुलिस ने बताया कि दोनों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।
- इसमें पीड़ित की पत्नी और बेटी के पैर भी जख्मी हो गये. पुलिस ने कहा कि दोनों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया। बादलपुर पूर्व की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुखदा शितोले-शिंदे ने कहा कि उस व्यक्ति को बाद में आगे के इलाज के लिए मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

# मालशेज घाट में भीषण कार दुर्घटना!

- 3 युवकों की मौत
- क्रेन की मदद से 3 को बचाया गया



**कल्याण.** मालशेज घाट जा रही एक कार रविवार रात भयानक हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए.

यह दुर्घटना मालशेज घाट की तलहटी में मुरबाड तालुका के भोरंडे गांव के पास एक मोड़ पर हुई। हादसा इतना भीषण था कि कार में फंसे लोगों को निकालने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ा।

मृतकों के नाम नरेश मधुकर म्हात्रे, (चिंचपाड़ा, उम्र 26 साल), प्रतीक चोरगे, (गोवेली, उम्र 21), अश्विन भोईर, (वरप, उम्र 26 साल) हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल वैभव अशोक कुमावत (चिंचपाड़ा), बंटी उर्फ शिवाजी पुंडलिक गाडगे, अक्षय घाडगे (रेवतीपाड़ा गोवेली) को कल्याण स्थानांतरित कर दिया गया है।

वे सभी आर्टिगा कार (संख्या एमएच 05--ईए 1993) में कल्याण से मालशेज घाट होते हुए यात्रा कर रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। मालशेज घाट रोड पर वाहन तेजी से चलते हैं। चूंकि उस सड़क पर मोड़ हैं, इसलिए ड्राइवर के गलत अनुमान से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। टोकावड़े पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक दिनकर चकोर ने इस सड़क पर मध्यम गति से वाहन चलाने की अपील की है.

# ऑफिस में घुसकर कारोबारी पर हमला



- घटना सीसीटीवी में कैद हो गई
- 7-8 लोगों ने घात लगाकर किया हमला
- कारोबारी निजी अस्पताल में भर्ती

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन की सीमा में रविवार रात एक कंस्ट्रक्शन और फार्म हाउस कारोबारी के ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ करने की घटना हुई है. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई और हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

जिस कारोबारी पर जानलेवा हमला हुआ, उसका नाम रतन शेलार है, जो वसार गांव का रहने वाला है और कैंप नंबर 5 की आकाश कॉलोनी में ऑफिस है। रविवार रात करीब जब वह ऑफिस आया तो पहले से घात लगाकर बैठे रोहित शिंदे, जयेश भामरे, रितेश शिंदे उर्फ सोन्या, आदित्य शिंदे उर्फ गोट्या और चार अन्य लोगों ने रतन शेलार के ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में शेलार गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके भाई पर भी हमला किया गया. हमलावरों ने उनके कार्यालय में भी तोड़फोड़ की. रतन शेलार ने आरोप लगाया है कि हमले के पीछे डकैती का मकसद था. हमले के बाद शेलार को तुरंत सरकारी सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया.

बाद में उन्हें एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस मामले में आरोपी रोहित शिंदे, जयेश भामरे, रितेश शिंदे उर्फ सोन्या, आदित्य शिंदे उर्फ गोट्या और चार अज्ञात लोगों और अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप के अनुसार अपराध जांच दल आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

# उल्हासनगर महानगर पालिका में 12 कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्ति



**उल्हासनगर.** महानगर पालिका के तीन विभागों में जूनियर इंजीनियरों की संख्या कम होने के कारण अब 12 युवा जूनियर इंजीनियरों को संविदा पर नियुक्त किया गया है. इसमें पांच युवतियां भी शामिल हैं। इस प्रकार नागरिक समस्याओं का निरीक्षण एवं निराकरण का कार्य आसान हो जायेगा। आयुक्त मनपा डॉ. अजीज शेख ने बताया कि इन इंजीनियरों को वाहन भत्ता भी दिया जायेगा.

पिछले कुछ वर्षों से लोक निर्माण, नगर नियोजन एवं जल आपूर्ति तीनों विभागों में कनिष्ठ अभियंताओं की कमी थी। इसलिए चल रहे कार्यों और नागरिक समस्याओं के कार्यों का निरीक्षण करने का दबाव संबंधित विभाग के इंजीनियरों पर पड़ रहा था. इसे दूर करने के लिए लोक निर्माण विभाग में हर्षद प्रधान, राहुल जाधव, पल्लवी वैरागर, रुचिका करांडे, कोमल आशान, शहरी नियोजन विभाग में अभिजीत अहिरे, सुमित मुकादम, निकिता गोवेकर, तेजल चौधरी, जलापूर्ति विभाग में वैभव भादवे, हरेश मिरकुटे, अश्विन राठोड जैसे बारह जूनियर इंजीनियरों का अनुबंध किया गया। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता अपर आयुक्त किशोर गवस, शहर अभियंता तरूण शेवकानी के मार्गदर्शन में, नगर नियोजन विभाग के अभियंता, सहायक निदेशक नगर नियोजन ललित खोब्रागड़े, वरिष्ठ कनिष्ठ अभियंता संजय पवार और जल आपूर्ति विभाग के अभियंता अपर आयुक्त किशोर गावस, कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बडगे के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे.

# अंबरनाथ व्यापारी संघ का नपा के समक्ष अनशन शुरू




- केबी सड़क पर एक बिल्डर एवं कंपनियों द्वारा अवैध कब्जे को तोड़ने की मांग

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद को सार्वजनिक बांधकाम विभाग उल्हासनगर द्वारा ये पत्र दिया गया है कि विमको नाका पर एक बिल्डर ने अपनी हद से आगे तक जाकर पतरे की हदबंदी की है. उस पर कार्रवाई की जाए. इसके बावजूद नपा ये कार्रवाई नहीं कर रहा है.

विदित हो कि केबी सड़क चौड़ीकरण के समय सन 2014 में यहां की दुकानों को नपा ने ध्वस्त कर दिया था. उस जगह तक बिल्डर ने कब्जा कर लिया है. अगर हदबंदी के पतरे को हटा दिया जाएगा, तो यहां पर दोबारा दुकानदारों को बसाया जा सकता है. इसी मांग को लेकर अंबरनाथ व्यापारी संघ ने नपा के समक्ष सोमवार से अनशन शुरू कर दिया है. इस मामले को लेकर सांसद श्रीकांत शिंदे, विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने भी व्यापारी संघ को अच्छा सहयोग किया है. अंबरनाथ नपा इस मामले में व्यापारियों को न्याय नहीं दे रहा है. जबकि सा.बां. विभाग ने तहसीलदार के आदेश पर भूमापन विभाग से केबी सड़क का सर्वे भी कराया है, जिसमें विमको नाका एवं अन्य जगहों पर सा.बां. विभाग की भूमि पर एक बिल्डर एवं अन्य कंपनियों ने कब्जा करके अवैध रूप से पतरे लगाकर हदबंदी की है. इन सभी को तोड़कर हटाने की मांग व्यापारी संघ ने की है. अनशन में अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल, सचिव यूसुफ शेख, अब्दुल रऊफ, हाजी चौधरी व अन्य केबी रोड के पीड़ित व्यापारी अनशन पर बैठे हैं.

# बारवी डैम में पानी का स्तर और बढ़ा

- डैम में 94.85 प्रतिशत पानी

**उल्हासनगर।** बदलापुर का बारवी डैम छलकने के और करीब आ गया है। डैम 72.60 मीटर भरने के बाद छलक जाता है और 5 अगस्त की शाम 6 बजे तक डैम का लेवल 72.10 मीटर हो गया है। डैम लबालब भर गया है और दो दिनों के भीतर ही ओवरफ्लो होगा ऐसा समझा जा रहा है। डैम में अब 94.85 प्रतिशत पानी जमा हो गया है। वर्ष भर के पानी की समस्या से अब लोगों को छूटकारा मिल गया है। डैम के 11 दरवाजे हैं और ओवरफ्लो होने के बाद ऑटोमेटिक खुलेंगे। डैम लबालब होने के बाद डैम परिसर के लोगों को अलर्ट कर दिया गया है।

# शिव मंदिर में उमड़ा जनसागर



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में महादेव के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी. पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, फिर भी अंबरनाथ और उसके आसपास हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए सुबह से ही बारिश के बीच कतार में खड़े थे। श्रावण सोमवार के अवसर पर पाटिल मंडली द्वारा सुबह भगवान महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस समय शिवाजीनगर पुलिस ने अच्छी सुरक्षा कर रखी थी. लगभग 965 वर्ष पुराने इस प्राचीन शिव मंदिर में हर सोमवार और श्रावण माह के दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ती है। हर साल महाशिवरात्रि पर राज्य के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु अंबरनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। पिछले कुछ वर्षों से अंबरनाथ में आयोजित होने वाले शिव मंदिर कला महोत्सव के कारण, मंदिर का महत्व दूर-दूर तक फैल गया है, दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

**भारी बारिश के बीच आधारवाड़ी, गांधारे रोड इलाके में जलसंकट**

# महंगे टैंकर के पानी पर जीवन बसर कर रहे हैं लोग




**कल्याण.** कल्याण पश्चिम में नए कल्याण के रूप में विकसित आधारवाड़ी, गांधारे रोड, वसंत वैली क्षेत्र में भारी बारिश के बीच पिछले दस दिनों से कम दबाव से पानी की आपूर्ति हो रही है। पानी की इस भीषण कमी के कारण शहरवासी परेशान हैं. निवासियों को महंगे निजी टैंकर से खरीदकर अपनी पानी की जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं।

कल्याण पश्चिम में गंधारे रोड, आधारवाड़ी, गोल्डन वॉक होटल के सामने, वसंत वैली क्षेत्र में सोसायटियों के निवासी आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि ग्रीष्मकाल में जल की कमी कभी महसूस नहीं होती थी। लेकिन पिछले दस दिनों से भारी बारिश के दौरान पानी की कमी महसूस की जा रही है।

एक सोसायटी में चार से पांच या कहीं-कहीं इससे भी अधिक इमारतें होती हैं। लेकिन कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के नियम के अनुसार, एक सोसायटी के रूप में, पांच से अधिक इमारतों वाली इमारत के बेसमेंट में एक ही टैंकर से पानी डाला जाता है। निवासियों ने बताया कि शेष इमारतों के निवासियों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। एक निजी टैंकर की कीमत एक से डेढ़ हजार रुपये, वहीं मनपा के पानी के टैंकर की कीमत 400 रुपये है। पिछले दस दिनों से पानी की कमी वाली सोसायटियों में मनपा और निजी टैंकरों की भीड़ उमड़ रही है।

कमी का कारण क्या है?

पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है. उल्हास नदी उफान पर है. इस बाढ़ का पानी मोहिली में मनपा के पंपिंग स्टेशन में घुस गया है. जिसके कारण नदी से पंपिंग स्टेशन तक पानी खींचने वाली प्रणाली पानी में डूब जाती है। ये सिस्टम गाद, प्लास्टिक की थैलियों और पेड़ की शाखाओं से फंस जाते हैं। इसलिए पंपिंग स्टेशन में पानी कम दबाव से आता है। वहीं कभी-कभी, यदि भारी बारिश होती है, तो सुरक्षा उपाय के रूप में नदी के किनारे के क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बाधित हो जाती है। जलापूर्ति रखरखाव ठेकेदार संजय उर्फ बंटीशेठ साह ने बताया कि इस दौरान नदी से पानी पंप करना बंद कर दिया जाता है.

# कल्याण में युवक की निर्मम हत्या

- युवकों के गिरोह ने किया हमला
- 3 आरोपी गिरफ्तार,
- एक नाबालिग

**कल्याण.** पैसे के विवाद के कारण कल्याण पूर्व के गणेशनगर इलाके में भर स्ट्रीट पर 20 से 25 वर्षीय युवाओं के एक सशस्त्र गिरोह ने सूरज सोमा हिलाम (उम्र 25) की लकड़ी के तख्तों, झाड़ू और पत्थरों से हत्या कर दी। इस मामले में केस दर्ज होते ही कल्याण क्राइम ब्रांच की यूनिट ने त्वरित जांच की और कल्याण कोलसेवाड़ी इलाके में जाल बिछाया और 24 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को धर लिया. पुलिस के मुताबिक, सूरज अपने चाचा के साथ शराब पी रहा था। जब पार्टी पूरे शबाब पर थी, अचानक 20 से 25 साल के युवाओं का समूह वहां आ गया. रूपेश कांबले और मोहन बंसोडे सहित गिरोह ने सूरज पर लकड़ी के तख्तों और पत्थरों से हमला किया, जिससे खून से लथपथ सूरज की मौत हो गई। यह देख गिरोह वहां से भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और सूरज के शव को पोस्टमार्टम के लिए केडीएमसी के रुक्मिणीबाई अस्पताल भेज दिया।

इस संबंध में मृतक सूरज के भाई पिंट्या हिलम की शिकायत पर कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 302, 143, 147, 148, 149 के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपराध शाखा की कल्याण इकाई कोलसेवाड़ी पुलिस के समानांतर अपराध की जांच कर रही थी। आखिरकार क्राइम ब्रांच को अहम सुराग मिल ही गए. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रूपेश महादेव कांबले और मोहन रमेश बंसोडे के रूप में हुई है और इसमें एक नाबालिग युवक भी शामिल है. बाकी हमलावरों की तलाश की जा रही है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## आतंक के तार और मादक पदार्थों का खेल

देश जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या बेहद जटिल हो चुकी है, तो इसका एक बड़ा कारण आतंकी संगठनों को कभी-कभार मिलने वाली स्थानीय मदद भी है। अगर आतंकवाद से लड़ने वाले तंत्र में ही कुछ लोग ऐसे हों, जो परोक्ष रूप से आतंकियों के मददगार हों, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे हालात पैदा हो सकते हैं। शनिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने जिस तरह नार्को-आतंकवाद से कथित संबंधों के आरोप में पांच पुलिसकर्मियों सहित छह कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया, उससे रेखांकित होता है कि वहां आतंकवाद की समस्या अपने किस जटिल स्वरूप में मौजूद है।

सरकार की ओर से कराई गई जांच में सामने आया कि जिन लोगों को सेवा से बर्खास्त किया गया है, वे पाकिस्तानी जासूसी एजंसी (आइएसआइ) और सीमा पार पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादी समूहों द्वारा संचालित नार्को-आतंकवाद का हिस्सा थे। सरकारी कार्रवाई की जद में आए पुलिसकर्मी और कर्मचारी मादक पदार्थों की बिक्री के जरिए आतंकवाद के वित्तपोषण में लिप्त पाए गए। दरअसल, कुछ मादक पदार्थों की खेती भारतीय क्षेत्र में नहीं की जाती, पर पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद में इनका इस्तेमाल हथियार के तौर पर हो रहा है। भारत में इसकी तस्करी और खपत कई आतंकी नेटवर्कों के जरिए पाकिस्तान से होती है। आतंकी संगठन आमतौर पर युवाओं को अपने प्रभाव में लेते और मादक पदार्थों के जरिए उन्हें आतंकी जाल का हिस्सा बनाते हैं। ऐसे में स्थानीय समुदायों के बीच आतंकवादियों की घुसपैठ की समस्या में अगर खुद पुलिस महकमे के कोई अधिकारी या कर्मी हिस्सेदारी करने लगें तो इस समस्या की जटिलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। शायद यही वजह है कि कई बार आतंकवादी संगठन घाटी में अपना जाल फैलाने और अक्सर हमले करने में कामयाब हो जाते हैं। जो तंत्र आतंकवाद मिटाने में लगा है, अगर उसके आंतरिक ढांचे में ही आतंकी संगठनों की घुसपैठ हो जाए, तो मुश्किलें बढ़ेंगी ही। इसलिए सरकार को अपने समूचे तंत्र में हर स्तर पर ऐसे तत्त्वों की पहचान करने की जरूरत है, जो किसी भी रूप में आतंकवादी संगठनों के लिए मददगार हो सकते हैं।

# फिर नस्लभेद पर आई अमेरिका में चुनावी लड़ाई

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से विपक्षी डेमोक्रेट कमला हैरिस पर नस्लीय टिप्पणी करने लगे हैं, उससे चुनाव के गहरे संकेत मिल रहे हैं। निस्संदेह, ट्रंप ऐसे नेताओं में गिने जाते हैं, जो ऐसी टीका-टिप्पणियों से परहेज नहीं करते। बराक ओबामा हो या निक्की हेली, उन्होंने कई नेताओं पर लांछन लगाए हैं। मगर अभी उनके निशाने पर कमला हैरिस क्यों हैं, जबकि उन्हें अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना आधिकारिक प्रत्याशी भी नहीं घोषित किया है?

दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडन की चुनाव से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस अचानक सुर्खियों में आ गईं। अब तक उनकी पहचान बाइडन की छाया के रूप में थी। उन्होंने भी अपनी कोई महत्वाकांक्षा जाहिर नहीं की थी। मगर उनका महिला होना और वह भी उनके अफ्रीकी-अमेरिकी समुदाय के होने से डेमोक्रेटिक के आधार वोटबैंक में एक नया उत्साह आ गया है। बाइडन सहित कईअन्य नेताओं ने उनका खुलकर समर्थन किया है, जिससे जॉर्जिया जैसे राज्यों में भी, जहां बाइडन पर ट्रंप भारी पड़ते दिख रहे थे, डेमोक्रेटिक पार्टी मुकाबले में आ गई है। स्थिति यह है कि लोकप्रियता के मामले में कमला हैरिस ने ट्रंप और बाइडन के बीच बढ़ते अंतर को पाट दिया है और कई राज्यों में तो वह ट्रंप से आगे निकल गई हैं। यह अंतर अभी ज्यादा नहीं है, मगर अंदरखाने उनके पक्ष में एक लहर जरूर चलने लगी है। इसका असर नॉर्थ कैरोलिना, एरिजोना, नेवाडा जैसे तमाम स्विंग स्टेट्स (जहां के



मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है कि वे किस पार्टी का समर्थन करेंगे) में भी दिखने लगा है और डेमोक्रेटिक पार्टी उठ खड़ी हुई है। जबकि, इन्हीं स्विंग स्टेट्स में मामूली अंतर की जीत से जो बाइडन व्हाइट हाउस पहुंचे थे।

डोनाल्ड ट्रंप इस सच से वाकिफ हैं। बाइडन को वह उम्र या सेहत के मुद्दे पर घेरने में सफल हो रहे थे, पर कमला हैरिस के खिलाफ यह रणनीति अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मारने जैसी होगी। पहले यही कहा जा रहा था कि दो श्वेत बुजुर्ग आमने-सामने हैं, पर अब यह लड़ाई बुजुर्ग बनाम नौजवान की बनती दिख रही है। लिहाजा, हैरिस पर ट्रंप कई तरह की प्रतिकूल टिप्पणियां करने लगे हैं। हालांकि, सच यह भी है कि बतौर उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस बहुत ज्यादा अपनी छाप छोड़ने में सफल नहीं रही हैं। उन्हें बाइडन प्रशासन में जो नीतिगत जिम्मेदारियां दी गई थीं, वे बहुत अहम नहीं थीं। इतना ही नहीं, वह भारतवंशी के बजाय अफ्रीकी-अमेरिकी कहलाना ज्यादा पसंद करती हैं, जिसे कुछ लोग उनकी सियासी मजबूरी भी कहते हैं, क्योंकि इसका उन्हें पहले के चुनावों में फायदा मिला है। मगर राष्ट्रपति पद की दावेदारी के करीब यूं अचानक पहुंच जाने से लोगों की उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं, इसलिए ट्रंप हैरिस के पक्ष में बनती इस हवा को हर कीमत पर बिगाड़ देना चाहते हैं। ऐसा करके वह अपने श्वेत वोटरों में किसी तरह की सेंध की आशंका को भी खत्म करना चाहते हैं।

साफ है, अमेरिका में जिस तरह से राष्ट्रपति चुनाव में व्यक्तिगत टीका-टिप्पणियां बढ़ गई हैं, वे नवंबर में मत डालने तक जारी रह सकती हैं। अलबत्ता, इसमें और तेजी आ सकती है, खासतौर से तब, जब यह मुकाबला अधिकृत रूप से डोनाल्ड ट्रंप बनाम कमला हैरिस हो जाएगा। तब दोनों पक्ष अपने-अपने वोटबैंक को मजबूत करने के साथ-साथ एक-दूसरे के आधार-वर्ग में सेंध लगाने का प्रयास तेज करेंगे। यह जंग क्या रुख लेगी, यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा, पर अभी वहां श्वेत बनाम अश्वेत की जंग भारी पड़ती दिख रही है।

एक बात और। डोनाल्ड ट्रंप शायद ही कमला हैरिस के साथ किसी मंच पर आमने-सामने होना चाहेंगे। इसकी वजह यह है कि पिछली बहस में उन्होंने ट्रंप की बीमारी और उनकी उम्र पर निशाना साधा था, जिसका उन्हें फायदा भी मिला। कमला हैरिस के साथ मंच साझा करने पर उनके ये तीर उन्हीं पर भारी पड़ सकते हैं। फिर, कमला पूर्व में अभियोग पक्ष की वकील रह चुकी हैं, इसलिए वह ट्रंप को अपने सवालों में ऐसे घेर सकती हैं कि वह बैकफुट पर आ जाएं। ऐसे में, प्रतिकूल टीका-टिप्पणी करके चुनावी हवा को गरम रखने की नीति ही ट्रंप को फिलहाल रास आ रही है।






## तरक्की के गलियारे और सड़क परियोजनाएं

आर्थिक विकास के लिए समुन्नत सड़कें आवश्यक हैं। इसलिए हर गांव, हर शहर को द्रुतगामी मार्गों से जोड़ने पर बल दिया जाता है। निस्संदेह पिछले कुछ वर्षों में सड़कों के विस्तार, उनकी बेहतरी और पहुंच बढ़ाने की दिशा में काफी काम हुआ है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सड़क गलियारों संबंधी आठ नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत साढ़े पचास हजार करोड़ से ऊपर की लागत से करीब साढ़े नौ सौ किलोमीटर लंबे मार्ग बनाए जाएंगे। इनमें सबसे अधिक परियोजनाएं उत्तर प्रदेश को मिली हैं, जिनमें कानपुर और अयोध्या में रिंग रोड बनाना शामिल है।

इन गलियारों से विभिन्न राज्यों को जोड़ने वाले राजमार्गों के बीच पड़ने वाले शहरी अवरोधों को दूर कर द्रुतगामी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। निश्चय ही इन सड़कों के बनने से लंबी दूरी की यात्रा करने वालों और माल ढुलाई में काफी सुविधा होगी। वे शहरों के बीच भीड़ में फंस कर नाहक समय और पैसा बर्बाद करने से बच सकेंगे। औद्योगिक इकाइयों को कच्चा माल लाने और अपने उत्पाद दूसरी जगह भेजने में बहुत आसानी होगी। फिर, सड़कें बेहतर होंगी, तो औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार होगा और निवेश बढ़ने की उम्मीद भी जागेगी।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज जिस तरह औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियां बढ़ी हैं, अर्थव्यवस्था के मामले में भारत लगातार ऊपर के पायदान पर चढ़ता नजर आ रहा है, उसमें सड़कों का ढांचा मजबूत किए बिना आगे बढ़ पाना संभव नहीं है। मगर यह सवाल भी जब-तब उठता रहता है कि आधारभूत ढांचे का अर्थ केवल



चौड़ी और तेज रफ्तार सड़कें बना देना भर नहीं होता। उनमें सुरक्षा और अन्य सुविधाओं पर भी समान रूप से ध्यान देने की जरूरत होती है। फिर, जिस ढंग से शहरों का आकार बढ़ रहा है, गांवों से लोगों का शहरों की तरफ पलायन बढ़ रहा है, उसमें उनके बुनियादी ढांचे पर ध्यान कब दिया जाएगा।

यह गंभीर सवाल लगातार उठता रहा है कि सड़कों के विस्तार में जो पर्यावरण और कृषि क्षेत्र की जरूरतों का ध्यान नहीं रखा जाता और उसकी वजह से खासकर पहाड़ों पर जैसी मुसीबतें आए दिन टूट पड़ती हैं, उन पर कब ध्यान दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में स्थानीय लोगों और पर्यावरण विशेषज्ञों के तमाम विरोधों के बावजूद द्रुतगामी मार्ग बनाए गए। उसमें तकनीकी तकाजों तक की परवाह नहीं की गई। अंधाधुंध पहाड़ों की कटाई की गई, जिसका नतीजा है कि वहां के ज्यादातर पहाड़ भंगुर हो गए हैं और सामान्य बरसात भी झेल नहीं पाते, धंस जाते हैं।

सड़कों के निर्माण का विरोध नहीं किया जा सकता, मगर उनसे दूसरी बुनियादी सुविधाओं का नुकसान नहीं होना चाहिए। विकास परियोजनाओं के लिए पर्यावरण आदि विभागों से मंजूरी लेने की शर्तें लचीली कर दी गई हैं, जिसके कारण नाहक तोड़-फोड़ और प्रकृति संरक्षण की प्रतिबद्धता धूमिल हुई है। अनेक शहरों में सड़कों के विस्तार के लिए बहुत सारे लोगों के बसे-बसाए घर जमींदोज कर दिए गए, उन्हें अवैध करार दे दिया गया। फिर, सड़कों, पुलों आदि के निर्माण में जरूरी मानकों की भी परवाह अक्सर नहीं देखी जाती, जिसका नतीजा है कि निर्माण के दौरान ही या कुछ दिनों बाद उनके धंसने-टूटने की शिकायतें आनी शुरू हो जाती हैं। विकास परियोजनाओं में भ्रष्टाचार पर लगाम कसना तो एक बड़ा मुद्दा है ही। तरक्की के गलियारे बनाते समय बुनियादी सरोकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

# वो 'दुर्लभ' सिक्का, जिसने शख्स को बना दिया करोड़पति

पुराने दुर्लभ सिक्के आपको करोड़पति बना सकते हैं. यह सच बहुत कम लोग जानते हैं. पर जो जानते हैं

**जरा हट के**

वे पुराने सिक्कों की कीमत पहचानते हैं और उनके लिए ऐसे सिक्के अनमोल होते हैं. ऐसे ही एक सिक्के की चर्चा है, जो अगर आपके पास है तो आपको करोड़ पति बनने से कोई नहीं रोक सकता. लेकिन जिस सिक्के के बात हम कर रहे हैं, वह भारत का नहीं बल्कि विदेशी है. आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस सिक्के ने एक शख्स को करोड़पति बना दिया है, जिसे उसकी किस्तम चमक गई. इस अनूठे सिक्के की नीलामी की जानकारी एक शख्स ने टिकटॉक पर शेयर की है. उसने बताया कि कैसे 1933 का वह दुर्लभ सिक्का 140,000 पाउंड यानी एक करोड़ 49 लाख रुपयों में बिका है. @CoinCollectingWizard पर पोस्ट करते हुए, उन्होंने एक



नीलामीकर्ता से अपनी नवीनतम खोज पर चर्चा की.

उस व्यक्ति ने कहा, "यह मेरा निजी संग्रह है जिसे बहुत दयालुता से उधार दिया गया है. यह बहुत बढ़िया है क्योंकि यह इतना प्रतिष्ठित सिक्का है कि इसे देखने के लिए बहुत से लोग आते हैं." उन्होंने आगे कहा, "आमतौर पर ये सिक्के तिजोरियों में गायब हो जाते हैं और फिर कभी नहीं दिखते. आखिरी बार 2016 में लगभग डेढ़ करोड़ की कीमत पर बिका था. इसके पहले सिक्के कई सालों तक बिकते रहे और कोई सोच सकता है कि अगर यह फिर से बाजार में आए तो यह और भी ज़्यादा कीमत पर बिकेगा."

फिर जब आदमी ने अपना हिस्सा बताया, तो पोस्ट करने वाले ने आगे कहा, "यह यू.के. से 1933 का प्रीडेसिमल पेनी है, उन्होंने पूछा, "क्या आपके पास 1933 का यह सिक्का है? अगर हां, तो आप अमीर हैं, देखने के लिए दूसरी तारीखें भी हैं, लेकिन यह कभी भी 1933 के पेनी के पागल मूल्य के बराबर नहीं होगा क्योंकि ऐसे केवल सात ही सिक्के हैं जिनकी जनकारी है. तो अगर आपको एक मिल जाए, तो आप बहुत भाग्यशाली हैं."

# चेहरे के आकार के हिसाब से करें चश्मे का चयन

अगर आप अपने लिए चश्मे का चयन कर रहे हैं, तो अपने चेहरे के आकार का खास ध्यान रखें। तभी ये चश्मा आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा। अगर आप ऐसे ही किसी भी तरह का फ्रेम लगाने लगेंगे तो ये आपके लुक को खराब भी कर सकता है। इसके लिए आप किसी विशेषज्ञ से भी बात करके सलाह ले सकते हैं।



### ■ गोल चेहरा

अगर आपका चेहरा गोल है तो आपको चौकोर या फिर कैट आई फ्रेम वाले चश्मे का चयन करना चाहिए। गोल चेहरे के लिए हमेशा ऐसे चश्मे चुनने चाहिए, जो चेहरे को लंबा दिखाएं।

### ■ अंडाकार चेहरा

अगर आपका चेहरा अंडाकार है तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। अंडाकार चेहरे पर अधिकतर चश्मे के फ्रेम अच्छे लगते हैं। खासतौर पर जो फ्रेम थोड़ा चौड़े होते हैं वो आपके चेहरे पर ज्यादा अच्छे लगेंगे। ऐसे में आप बिना सोचे किसी भी तरह से चश्मे का चयन कर सकते हैं।

### ■ चौकोर चेहरा

चौकोर चेहरे वालों की जॉलाइन और माथा थोड़ा चौड़ा होता है। ऐसे में इस चेहरे के आकार को खूबसूरत दिखाने के लिए हमेशा गोल या अंडाकार शेप वाले फ्रेम चुनें। ऐसे चेहरे वालों पर कैट-आई चश्मा भी अच्छा लगता है।

### ■ लंबा चेहरा

जिन लोगों का चेहरा लंबा होता है, वो चश्मे के सहारे अपने चेहरे को थोड़ा चोड़ा दिखा सकते हैं। इसके लिए चौड़े और बड़े साइज का फ्रेम चुनें। ऐसे चेहरे वाले लोगों पर ओवरसाइज, एविएटर, वेफरर फ्रेम वाले चश्मे अच्छे लगते हैं।

### ■ हृदयाकार चेहरा

अगर आपका चेहरा हृदयाकार है तो ऐसे चेहरे का माथा थोड़ा चौड़ा और ठोड़ी छोटी होती है। ऐसे में हमेशा हल्के और चौड़े साइज वाले फ्रेम चुनें। इसके लिए आप राउंड, एविएटर, कैट-आई फ्रेम का चयन कर सकते हैं।

### ■ डायमंड चेहरा

डायमंड चेहरे वाले लोगों का माथा और जॉलाइन छोटी होती है। इसे ठीक दिखाने के लिए आप चौड़े और राउंड फ्रेम के चश्मों का चयन कर सकते हैं। इसके लिए ओवल, कैट-आई, रिमलेस फ्रेम का चयन करें।

# धीमी हो गई पंखे की रफ्तार?

## 4 जुगाड़ से खुद कर लेंगे ठीक



उमस और गर्मी से लोग बेहाल हैं. घर में चल रहा पंखा भी अच्छी तरह काम नहीं कर रहा है. आमतौर पर, अगर पंखे से हवा नहीं आती है, तो इसे साफ करते ही हवा की रफ्तार काफी बढ़ जाती है. लेकिन कई बार तमाम कोशिशों के बाद भी इसे ठीक करना नामुमकिन सा हो जाता है. ऐसे में हम यहां बता रहे हैं कि आप घर पर बिना इलेक्ट्रीशियन को पैसे दिए भी खुद इसे ठीक कर सकते हैं. यह काम बहुत ही आसान है और ऐसा करने से पंखे की रफ्तार 10 गुना तक तेज हो सकती है. तो आइए जानते हैं कि आप किस तरह पंखे को खुद ठीक कर सकते हैं.

### पंखा की हवा को बढ़ाने के लिए करें ये 4 काम

**तेल डालें:** अगर पंखे की रफ्तार धीमी है तो सावधानी से पंखे को नीचे उतारें और इसके बियरिंग्स में थोड़ी सी मशीन ऑयल डालें. यह बियरिंग्स की चिकनाई को बनाए रखेगा, जिससे पंखा तेजी से घूम सकेगा.

**ब्लेड की सफाई करें:** दरअसल, पंखे के ब्लेड पर धूल और गंदगी जमा हो जाती है. इस वजह से हवा की गति कम हो जाती है. आप अगर पिल्लो कवर की मदद से ब्लेड को नियमित रूप से साफ कर दें तो यह साफ रहेंगे और हवा अच्छी रहेगी.

**ब्लेड के शेप पर दें ध्यान:** पंखे का ब्लेड अगर संतुलित नहीं है या टेडा हो गया है या गलत तरीके से लगा है तो यह हवा नहीं देगा. इसलिए देखें कि ब्लेड असंतुलित तो नहीं है. ऐसा होने पर पंखे की हवा की दिशा और गति प्रभावित हो सकती है. इसलिए ब्लेड को सीधा और संतुलित कर लें.

**कंडेन्सर करें चेक:** तब भी अगर पंखे से हवा न आए तो आप इसका कंडेन्सर चेक करें. अगर यह खराब हो गया है तो इसे बदलना जरूरी होगा. आप इसे बाजार से खरीदें और लगाएं. पंखे की हवा नए पंखे जैसी हो जाएगी.

# फलाहारी पराठा

खाना-खजाना

ज्यादातर लोग सोमवार के व्रत में फलाहारी खाने का सेवन करते हैं। ऐसे में यहां हम आपको फलाहारी पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप व्रत में कुछ अलग बनाने का सोच रहीं हैं तो फलाहारी आलू का पराठा एक बेहतर विकल्प है।

### ■ सामग्री :

- 1 कप साबूदाना
- 1/2 कप कुट्टू का आटा
- 2 उबले आलू
- 2 हरी मिर्च
- 1 इंच अदरक
- हरा धनिया
- सेंधा नमक
- 1/2 टीस्पून काली मिर्च पाउडर
- 2 टेबलस्पून घी

### ■ विधि :

फलाहारी आलू का पराठा बनाने के लिए आपको सबसे पहले साबूदाना को अच्छी तरह से धोकर 5- 6 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखना है। जब ये फूल कर नर्म हो जाए तो इसे पानी से निकालकर सुखा लें। इसका सारा पानी



निकालकर साबूदाना में उबले हुए आलू डालें और इसे अच्छी तरह से मैश करें। आलू और साबूदाना का डो तैयार करने के लिए इसमें थोड़ा सा कुट्टु का आटा डाल सकते हैं। इससे इसे बेलने में आसानी रहेगी।

अब इसे सही से मिक्स करने के बाद इसमें कटी हुई हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया, सेंधा नमक और काली मिर्च पाउडर डालें। इन सभी सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं। अब आपका ये डो या पराठे का आटा बनकर तैयार है। आखिर में इसकी छोटी-छोटी लोई बनाएं और फिर इसे बेलन की सहायता से गोल-गोल बेल लें। अगर ये बेलने पर चिपक रहा है तो आप इस पर थोड़ा सा कुट्टू का आटा छिड़क लें। अब पराठे को तवे पर रखें और दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेक लें। इसे आप सिर्फ फलाहारी चटनी और दही के साथ भी परोस सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा।

**वृषभ :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**सिंह :** घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कन्या :** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे।

**तुला :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

**वृश्चिक :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु :** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें।

**कुंभ :** ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा।

**मीन :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घटाना चाह रहे हैं वजन, तो इन फलों का कम कर दीजिए सेवन

वजन कैसें कम करें, ये सवाल आपके मन में भी जरूर आता होगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, इसके लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों में सुधार करना जरूरी है। नियमित व्यायाम की आदत बनाने के साथ दैनिक आहार में कुछ प्रकार के बदलाव करके वेट लॉस किया जा सकता है। क्या आप जानते हैं कि कुछ फल भी वजन बढ़ा सकते हैं? आहार में इनकी मात्रा भी कम करना जरूरी है।



### वजन घटाने के लिए कौन से फल न खाएं?

फलों के सेवन को वैसे तो सेहत को ठीक रखने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है, पर कुछ फल वजन बढ़ाने का कारण भी बन सकते हैं। ज्यादातर स्वास्थ्य विशेषज्ञ वजन घटाने के लिए आपके आहार में फाइबर और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करने का सुझाव देते हैं, ताकि आप लंबे समय तक पेट भरा महसूस करें और ज्यादा खाने से बचें। फल वैसे तो इन पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। हालांकि कुछ फल आपके वेट लॉस के प्रयास में उपयुक्त नहीं माने जाते हैं, इनसे सेवन कम किया जाना चाहिए।

### केले खाने चाहिए या नहीं?

वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोगों को केले का सेवन कम करने की सलाह देते हैं। वैसे तो केले सेहत के लिए बहुत ही सेहतमंद माने जाते हैं, लेकिन इसका अधिक मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। असल में केले में कैलोरी अधिक होती है और प्राकृतिक शुगर की मौजूदगी भी हो सकती है। एक केले में लगभग 150 कैलोरी होती है, जो लगभग 37.5 ग्राम कार्बोहाइड्रेट है। पके हुए केले का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी अधिक होता है इससे शुगर बढ़ने और वजन बढ़ने दोनों का जोखिम रहता है। इसका सेवन कम मात्रा में किया जाना चाहिए।

### आम खाने को लेकर क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

आम विटामिन-सी और फाइबर के अच्छे स्रोत वाला फल माना जाता है, इसके नियमित सेवन के कई प्रकार के लाभ हो सकते हैं। पर अगर आप वजन घटाने के लिए प्रतिबंधित डाइट योजना का पालन कर रहे हैं तो इसमें आम की मात्रा कम रखना चाहिए। आम में वैसे तो कई आवश्यक पोषक तत्व होते हैं साथ ही इसमें कैलोरी की मात्रा भी अधिक होती है, जिससे वजन बढ़ने का जोखिम रहता है। स्वाद में मीठे होने के कारण इनके अधिक सेवन से ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने का भी खतरा हो सकता है।

### एवोकाडो का भी कम करना चाहिए सेवन?

वेट लॉस के लिए प्रयास कर रहे लोगों को केले, आम के साथ-साथ एवोकाडो का भी सेवन कम करने की सलाह दी जाती है। एवोकाडो में मौजूद पोषक तत्वों को वैसे तो हृदय रोगियों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है पर अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो इसका सेवन कम कर दें। एक मध्यम आकार के एवोकाडो में लगभग 240 कैलोरी और 13 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है ऐसे में अगर स्वास्थ्य लाभ के लिए इसका अधिक सेवन करते हैं तो वजन बढ़ने का जोखिम हो सकता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सेक्स रैकेट का भंडाफोड़; वाराणसी में आपत्तिजक हाल में मिले कपल, 16 को दबोचा

**वाराणसी.** वाराणसी में एक बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। रविवार को एडीसीपी काशी नीतू कादयान के नेतृत्व में सिगरा पुलिस ने मलदाहिया चौराहे के पास संचालित एक होटल में छापेमारी की। होटल के कमरों से 10 युवतियां पकड़ी गईं,जिन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। छह युवकों को गिरफ्तार में लिया गया। वहीं, इस छापेमारी से होटल संचालकों के बीच हड़कंप मच गया। ये मामला मलदाहिया चौराहे का है। पुलिस को होटल में संदिग्ध गतिविधियों के संचालन की सूचना पर पुलिस मिली थी। जिस पर एडीसीपी काशी नीतू कादयान ने सिगरा पुलिस के साथ मिलकर नामी होटल में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही होटल में अफरातफरी मच गई। मौके से भाग रहे युवकों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। जबकि युवतियों को कमरों से पकड़ा गया। सभी के परिजनों को सूचना दी गई। उधर, होटल संचालक भाग निकला। एडीसीपी काशी नीतू कादयान ने बताया कि होटल संचालक की तलाश की जा रही है। युवकों को गिरफ्तार कर उन पर केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस के डर से गांव के सभी मर्द गायब, इलाके में तैनात पीएसी कर रही निगरानी

**बरेली.** बरेली में सिरौली के गांव शिवनगर में हुए बवाल के मामले में दो मुकदमे दर्ज होने के बाद पुरुष घरों से फरार हैं और गांव में सन्नाटा है। वहीं, दूसरी ओर युवती पक्ष ने बयान दर्ज कराने से मना कर दिया, जिससे आरोपी को जेल नहीं भेजा सका है। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स की तैनाती बरकरार है। बता दें कि सिरौली के गांव शिवनगर में रहने वाली युवती को समुदाय विशेष का युवक सद्दाम बहलाकर ले गया था। युवती के घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने उसे खोजकर परिजन को सौंप दिया। मगर सद्दाम को जेल नहीं भेजा गया। इससे आक्रोशित होकर शुक्रवार रात करीब 11 बजे युवती के परिजन ने भीड़ के साथ सद्दाम के घर और दुकान में तोड़फोड़ कर आग लग दी। पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। इस मामले में दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। एक युवती के पिता की ओर से सद्दाम के खिलाफ और दूसरा पुलिस की ओर से आग लगाने वालों पर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही गांव के पुरुष फरार हैं और वहां सन्नाटा फैला हुआ है।

### हत्या कर चेहरा जलाया फिर फंदे से लटकाया युवक का शव, ताला बंद कर आरोपी फरार

**कासगंज.** कासगंज के युवक की मैनपुरी के कुरावली में हत्या कर दी गई। उसका शव कमरे में पंखे से फंदे पर लटका मिला। हत्या के बाद कमरे में बाहर से ताला लगा दिया गया था। उसका चेहरा भी जला था। युवक का परिजनों से 19 दिनों से संपर्क नहीं हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। दो समुदायों के बीच का मामला होने के कारण सावधानी बरती जा रही है। कासगंज के अमांपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजीवनगर निवासी हर्षित (26) पुत्र आलोक गुप्ता सात साल से कुरावली के मोहल्ला पठानान निवासी जावेद पुत्र रजीउल्ला की खाद की दुकान पर नौकरी कर रहा था। हर्षित, जावेद के गांव डिवरई में तालाब किनारे बने कमरे में रह रहा था। रविवार को पिता आलोक परिजनों के साथ कुरावली पुलिस से मिले। पुलिस जावेद व पिता के साथ जब युवक के कमरे पर पहुंची। ताला तोड़ा गया तो अंदर हर्षित का शव फंदे पर लटका था। कुरावली में खाद की दुकान पर नौकरी कर रहा युवक 19 दिन से परिजनों के संपर्क में नहीं था। 16 जुलाई को अंतिम बार परिवार से बात हुई थी। आखिरकार पिता का सब्र टूटा और वह कुरावली पहुंच गए। पुलिस को हर्षित के लापता होने की तहरीर दी।

# बांग्लादेश में शेख हसीना का इस्तीफा

- सेना अंतरिम सरकार बनाएगी
- सेना प्रमुख बोले- हालात सुधारने का मौका दीजिए
- पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी





**ढाका.** बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के भारी हिंसा और बवाल के बीच देश छोड़ने की खबरें हैं। बांग्लादेश के एक अखबार की रिपोर्ट है कि शेख हसीना मिलिट्री के हेलिकॉप्टर में सवार होकर भारत निकली हैं। वह भारत में शरण ले सकती हैं। शेख हसीना ने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया है और अब कमान सेना ने संभाल ली है। शेख हसीना ने अपना सरकारी आवास छोड़ दिया है। वह अपनी बहन के साथ बाहर निकली हैं। बांग्लादेश के कानून मंत्री अनीसुल हक ने कहा, 'आप देखिए, क्या स्थिति बनती है। अभी हालात बेहद खराब हैं। मुझे भी नहीं पता कि क्या होगा।'

बांग्लादेश में हालात इतने बिगड़ गए हैं कि उपद्रवियों ने उनके आवास पर कब्जा जमा लिया है। भारी तोड़फोड़ की गई है। कुछ रिपोर्ट्स में उनके भारत निकलने की बात कही गई है तो वहीं उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि पीएम के बारे में कोई खबर नहीं है। स्थानीय अखबार प्रथमो डेली ने लिखा है कि शेख हसीना अपनी छोटी बहन रेहाना के साथ एक चौपर से निकली हैं। वह भारत में किसी स्थान पर शरण लेने वाली हैं। आज ही दोपहर 3 बजे उन्होंने अपना घर छोड़ा है। डेली स्टार ने भी ऐसी ही रिपोर्ट दी है। इस बीच प्रदर्शनकारी हजारों छात्रों ने ढाका मार्च निकाला है। अब ये लोग राजधानी पहुंच रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में पहले ही ढाका में लोग जुटे हैं।

#### उपद्रव के लिए पाक एजेंसी ISI पर फोड़ा ठीकरा

बांग्लादेशी सेना के जनरल वकार-उज-जमां ने टेलीविजन पर दिए अपने संबोधन में पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई को इस हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया है। बांग्लादेश में यह पूरा विवाद 1971 के स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेने वाले लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरियों और दाखिलों में आरक्षण के विरोध से शुरू हुआ था। अब तक इस हिंसा में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। शेख हसीना सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए सेना को ही उतार दिया था, जिससे विवाद और बढ़ गया।

#### सेना करने जा रही सरकार का गठन

- सेना के मुखिया वकार-उज-जमां ने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण चल रहा है। एक अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। सभी हत्याओं की जांच की जाएगी। सेना पर जनता को भरोसा रखना होगा। इसके साथ ही उन्होंने जनता से शांति की अपील भी की। उन्होंने जनता से अपील की, 'आप हम लोगों पर भरोसा करें। साथ मिलकर काम करेंगे। कृपया मदद करें। हमें लड़ने से कुछ भी फायदा नहीं होगा। संघर्ष को टालिए। हम मिलकर एक सुंदर देश बनाएंगे।'

## CBI की गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका खारिज

- ऐसा नहीं लगता उनकी गिरफ्तारी बिना वजह हुई -हाईकोर्ट



**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (5 अगस्त) को अरविंद केजरीवाल की CBI की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा है।

कोर्ट ने कहा है कि यह नहीं कहा जा सकता कि CBI की केजरीवाल की गिरफ्तारी बिना किसी ठोस कारण के की गई है। कोर्ट ने 29 जुलाई को इसी मामले में हुई सुनवाई में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुनवाई में CBI ने कहा कि केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति केस के असली सूत्रधार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच नहीं की जा सकती थी। एक महीने के भीतर हमने चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

कोर्ट के फैसले पर AAP ने कहा कि सीएम केजरीवाल की CBI की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। साथ ही जमानत के लिए अपील भी करेंगे।

CBI ने केजरीवाल को 26 जून को अरेस्ट किया था। ED ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। हालांकि 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत दे दी थी। मगर CBI केस के चलते वह जेल में ही हैं।

## पटना में पंजाब नेशनल बैंक से 22 लाख की लूट


- कस्टमर बनकर घुसे, पिस्टल दिखाकर लॉकर खुलवाया

**पटना.** पटना में पंजाब नेशनल बैंक से सोमवार सुबह 22 लाख की लूट हुई है। 3 से 4 की संख्या में आए बदमाशों ने इस लूटकांड को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि पालीगंज दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के कोरैया गांव में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अपराधी कस्टमर बनकर आए थे। इसके बाद अचानक से हथियार निकालकर बैंक और दूसरे ग्राहकों को बंधक बना लिया।

बंधक बनाने के बाद बैंक के किचन में सभी को बंद कर दिया। फिर पिस्टल दिखाकर बैंक कर्मचारियों से लॉकर खुलवाया। इसके बाद लॉकर से 22 लाख लूट कर फरार हो गए। सभी अपराधी काले रंग की अपाचे बाइक पर सवार होकर आए थे। वारदात के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और जांच में जुट गई है।

## 'आप चुनाव नहीं लड़ सकते'

### एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई खरी-खरी



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई पुलिस के पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को चुनाव लड़ने की अनुमति देने से साफ इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2006 एनकाउंटर मामले में उनकी भूमिका अब भी संदेह में है। ऐसे में उन्हें आरोप मुक्त नहीं किया जा सकता है। जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, आपकी अभी वह स्थिति नहीं है कि संदेह की स्थिति में फायदा दिया जाए। पर्याप्त ऐसे सबूत हैं जो कि आपके खिलाफ संदेह पैदा करते हैं। इसके अलावा आप जमानत पर हैं।

सीनियर वकील मुकल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा शर्मा की तरफ से कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि पहली बार नहीं है जब वह चुनाव लड़ने की इजाजत मांग रहे हैं। रोहतगी ने कहा, याचिकाकर्ता एक एनजीओ भी चलाते हैं और एक रिटायर्ड पुलिस अधइकारी हैं। ऐसे में इन तथ्यों पर ध्यान देते हुए उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए।

बेंच ने कहा, आपको बहुत-बहुत शुभकामना। लेकिन ये जमानत पर बाहर रहकर चुनाव नहीं लड़ सकते। इसके बाद बेंच ने रोहतगी को ऐप्लिकेशन वापस लेने की अनुमति दे दी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 19 मार्च को सुनाए फैसले में उन्हें राम नारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया की हत्या का दोषी ठहराया था। आरोप था कि वह छोटा राजन गैंग से था। उसका 2006 में प्रदीप शर्मा ने ही एनकाउंटर किया था। इसके बाद इसी साल प्रदीप शर्मा ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सबसे पहले ट्रायल कोर्ट ने शर्मा को बरी किया था लेकिन हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटकर उन्हें दोषी ठहराया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शर्मा को जमानत देते हुए एक सप्ताह में ही सरेंडर करने का आदेश दिया था। वहीं ट्रायल कोर्ट को भी निर्देश दिए थे कि स्थितियां देखकर ही उन्हें जमानत दी जाए। शर्मा ने अपनी यचिका में सीआरपीसी की धारा 389 का जिक्र किया था जिसके तहत कोर्ट किसी दोषी व्यक्ति को भी जमानत दे सकता है या फिर सजा रद्द कर सकता है।

## MCD में सीधे पार्षद नियुक्त कर सकते हैं LG

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पार्षदों को मनोनीत करने के लिए दिल्ली सरकार से सलाह जरूरी नहीं



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में 10 मेंबर नॉमिनेट करने के उपराज्यपाल (LG) के फैसले को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह की आवश्यकता नहीं है।

CJI डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि MCD में सदस्यों को नामित करने की LG की वैधानिक शक्ति है, न कि कार्यकारी शक्ति। सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल के 10 एल्डरमैन नियुक्त करने के फैसले को बरकरार रखा है। इससे पहले मई 2023 में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

दरअसल, LG विनय कुमार सक्सेना की ओर से इस साल 1 और 4 जनवरी को ऑर्डर और नोटिफिकेशन जारी करके 10 एल्डरमैन (मेंबर) की नियुक्ति की गई थी। इसके फैसले के खिलाफ दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

#### आप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई असहमति


आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा झटका बताया है। उन्होंने फैसले पर अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा है कि कोर्ट का फैसला मामले की सुनवाई से एक दम उलट है। सांसद ने कहा कि दिल्ली को अन्य राज्यों की तरह ये अधिकार मिलना चाहिए।

## 'कोचिंग संस्थान डेथ चैम्बर बन चुके हैं'

**नई दिल्ली.** दिल्ली के राउ IAS कोचिंग के बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुइयां ने दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स को डेथ चैम्बर बताया। बेंच ने कहा- हम कोचिंग सेटर्स की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कोचिंग सेंटर्स बच्चों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार और चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटरों में क्या सेफ्टी के नियम लागू किए गए हैं? कोर्ट ने कहा कि हमारा ये सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नहीं करते तो इनको ऑनलाइन मोड में पढ़ाई शुरू कर देना जाना चाहिए।

## किस आधार पर दिया 77 मुस्लिम जातियों को OBC कोटा... बंगाल सरकार से मांगा जवाब





**नई दिल्ली.** बंगाल में 77 मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। ममता सरकार के फैसले पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई थी, जिस पर राज्य ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अब अदालत ने पूछा है कि आखिर राज्य सरकार ने किस आधार पर 77 जातियों को ओबीसी का दर्जा दिया था। इन जातियों में से ज्यादातर मुस्लिम धर्म को मानने वाली हैं। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने मई में ही इस आरक्षण को अवैध करार दिया था और 77 जातियों को ओबीसी की सूची से बाहर करने का आदेश दिया था।

इस केस की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में दिलचस्प बहस भी हुई है। बंगाल सरकार के वकील ने उच्च न्यायालय पर ही तीखा हमला बोल दिया। ओबीसी कोटे को लेकर बनी जातिवार सूची पर उच्च न्यायालय की तीखी टिप्पणियों पर राज्य सरकार ने ऐतराज जताया। यही नहीं दलीलों के दौरान बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि क्या उच्च न्यायालय ही राज्य को चलाना चाहता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। इस दौरान बंगाल सरकार की वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपनी सीमा से आगे जाकर फैसला दिया है।

इसी साल मई में उच्च न्यायालय ने 77 मुस्लिम जातियों को ओबीसी सूची में शामिल करने के फैसले को खारिज कर दिया था। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने कहा था कि मुस्लिम समुदाय को राजनीतिक हितों को साधने के लिए एक कमोडिटी के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी पर ऐतराज जताते हुए बंगाल सरकार की वकील ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई कि आप इसमें दखल दीजिए। बंगाल सरकार ने कहा, 'ऐसा क्यों हो रहा है। इसलिए क्योंकि वे मुस्लिम हैं? वे कहते हैं कि ये धर्म का मामला है। जो पूरी तरह से गलत है। यह कहा जा रहा है कि उन लोगों को इसलिए आरक्षण दिया गया क्योंकि वे मुस्लिम हैं। हमारे पास रिपोर्ट्स हैं कि सभी समुदायों पर विचार किया गया है। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर काम हुआ है। सरकार राज्य चलाना चाहती है। लेकिन अदालत ऐसा करना चाहती है तो फिर करे। आखिर हम क्या कर सकते हैं। कृपया बताएं।'

## तीसरी सोमवारी पर हाजीपुर में 9 श्रद्धालुओं की मौत

- हाईटेंशन तार की चपेट में आया डीजे
- 15 सेकेंड तक चिपके रहे

**हाजीपुर.** हाजीपुर में सावन की तीसरी सोमवारी पर बाबा हरिहर नाथ को जलाभिषेक करने सोनपुर जा रहे 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। श्रद्धालुओं की DJ ट्रॉली हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। हादसा हाजीपुर इंडस्ट्रियल थाने के सुल्तानपुर गांव में रात करीब 12 बजे हुआ है।

चंद सेकेंड में हादसा हो गया। 15 सेकेंड तक शव ट्रॉली से चिपके रहे। करंट लगने के बाद लोगों के शव जलते रहे। बताया जा रहा है कि डीजे ट्रॉली पर 12-15 लोग सवार थे। 9 की मौत हुई, 2 घायल हुए हैं, बाकी लोग बच गए।

सावन के महीने में गांव के लोग हर सोमवार को पास के हरिहर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जाते हैं। रविवार की रात भी गांव के लोग जलाभिषेक के लिए निकले थे। इसके लिए DJ ट्रॉली का भी इंतजाम किया था, लेकिन गांव की खराब सड़क से DJ ट्रॉली को निकालने के दौरान ही ट्रॉली सड़क के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई।

करंट की वजह से ट्रॉली पर सवार लड़के झुलस गए तो कई अफरातफरी के दौरान करंट

## रोहित शर्मा ने रचा इतिहास

- एक नहीं बल्कि 4 दिग्गजों को पछाड़ बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड



श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में भारत को 32 रनों से हार का सामना करना पड़ा. भले ही भारत को हार का सामना करना पड़ा लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की और 44 गेंद पर 64 रन बनाने में सफल रहे. बता दें कि अपनी अर्धशतकीय पारी के दम पर रोहित ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. रोहित वनडे में बतौर ओपनर 175 पारी के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. ऐसा कर रोहित ने हाशिम अमला, सचिन तेंदुलकर, दिलशान और गांगुली को पछाड़ दिया है. रोहित ने 175 वनडे पारियों के बाद बतौर ओपनर 8801 रन बनाए हैं तो वहीं, हाशिम अमला ने बतौर ओपनर 175 पारियों के बाद कुल 8083 रन बनाए थे.

इसके बाद सचिन ने अपने वनडे करियर में बतौर ओपनर 175 पारियों के बाद कुल 7841 रन बनाए थे. दिलशान की बात करें तो श्रीलंका के इस पूर्व ओपनर बल्लेबाज ने 175 पारियों के बाद 7325 रन बनाए थे. सौरव गांगुली ने इस दौरान 175 वनडे पारियों के बाद बतौर ओपनर 7026 रन बनाने में सफलता हासिल की थी. बता दें कि इसके अलावा रोहित शर्मा 175 पारियों के बाद वनडे में 29 शतक लगाए हैं, जो इन बल्लेबाजों से ज्यादा है. यानी रोहित ने शतक के मामले में भी अमला, सचिन, दिलशान और गांगुली को पछाड़ दिया है.

### लटक गया गौतम गंभीर का चेहरा...!

टीम इंडिया का श्रीलंका दौरा गौतम गंभीर के लिए बहुत अहम था, क्योंकि वो पहली बार टीम का हेड कोच पद संभाल रहे थे. हालांकि गंभीर के अंडर भारत ने टी20 सीरीज 2-0 से जीती, लेकिन वनडे सीरीज में रोहित एंड कंपनी के हालात जरा भी अच्छे नहीं लग रहे हैं. रविवार को हुए सीरीज के दूसरे वनडे मैच में मेजबान श्रीलंका ने भारतीय टीम को 32 रनों से हरा दिया है. हालांकि आलोचना भारतीय बल्लेबाजों की होनी चाहिए, लेकिन लोगों ने हेड कोच गौतम गंभीर को ट्रोल करना शुरू कर दिया है.

बता दें कि गौतम गंभीर के आने से भारतीय टीम के अंदर कई सारे बदलाव हुए हैं. कुछ ही ऐसे खिलाड़ी होंगे जो तीनों फॉर्मेट में खेलते दिखेंगे. इस बीच टी20 फॉर्मेट में एक नई टीम तैयार की गई है, वहीं वनडे टीम के बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव हो रहे हैं. इसी बदलाव के कारण लोग उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं. किसी ने कहा कि राहुल द्रविड़ ने जो टीम बनाई थी, गंभीर फालतू में उस टीम के साथ प्रयोग करने में लगे हुए हैं. यह भी कहा गया कि जब बल्लेबाज अपनी नेचुरल पोजीशन पर अच्छा कर रहे हों तो भला प्रयोग करने की क्या जरूरत.

**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग, कळवा जि.ठाणे**

**सहकार विद्याप्रसारक मंडळशाळेसमोर, जुना मुंबई-पुणे राष्ट्रीय महामार्ग, पीन - 400 605**

Email_eemsddkalwa@yahoo.co.in Phone & Fax No.022-25374770

**निविदा सुचना क्र. 29 (द्वितीय वेळ) सन 2023-24**

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग कळवा ठाणे जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून खालील कामाकरीता निविदा मागवित आहे. सविस्तर निविदा सूचना शासनाच्या ई-निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http:// wrd.maharashtra.gov.in या संकेतस्थळावर व विभागी कार्यालयाच्या सूचना फलकावर उपलब्ध आहे.

निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग कळवा ठाणे यांनी राखुन ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही. सदर निविदा सूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास विभागीय कार्यालयाच्या सूचना फलकावर उपलब्ध करुन देण्यांत येईल.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कामाचे नांव | तुर्भे उपविभाग येथील संयंत्राकरिता बाहयअभिकरणाद्वारे चौकिदार 03 नग 12 महिन्यांकरिता कंत्राटी पध्दतीने सेवा पुरविणे कामे |
| | जिल्हा | ठाणे |
| | निविदेची किंमत | 8,47,558/- |

| | |
|---|---|
| निविदा उपलब्ध कालावधी | 09/08/2024 ते 20/08/2024 |
| निविदा उघडण्याचा दिनांक | 22/08/2024 |

जा.क्र.यांभाविवि/लेशा-2/1573 /सन 2024
कार्यकारी अभियंता यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग,
कळवा-ठाणे यांचे कार्यालय
दिनांक-02/08/2024

सही/-
**(सं.ना. रोकडे)**
कार्यकारी अभियंता,
यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग,
कळवा-ठाणे

**क्र. जिमाका /ठाणे/जाहि/ 2024-25/21**

## संक्षेप...

### नौकर बनकर चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह धराया

**कल्याण.** डोंबिवली की विष्णुनगर पुलिस ने नौकर बनकर साथियों के साथ चोरी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के शातिर अपराधियों को गिरफ्तार में सफलता प्राप्त की है. 27 जुलाई को विष्णुनगर थाना क्षेत्र में कुन्दन म्हात्रे के नौकर ने कुल 15 लाख 52 हजार 807 रुपये की चोरी को अंजाम दिया और फरार हो गए. पुलिस टीम द्वारा आरोपी लील बहादुर लाल बहादुर कामी को नवी मुंबई से और टेक बहादुर जग बहादुर शाही और आरोपी मन बहादुर रण बहादुर शाही को बैंगलोर से गिरफ्तार किया गया है. विष्णुनगर पुलिस ने बताया कि इस अपराध में चोरी गये सामानों में कुल मिलाकर गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6 लाख 96 हजार 567 रुपये बरामद किये गये हैं.

# देवेंद्र फडणवीस के भाजपा अध्यक्ष बनने की अटकलें!

- RSS के पदाधिकारियों से की मुलाकात,
- फडणवीस ने दिया ये जवाब



**नागपुर.** बीजेपी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश शुरू हो गयी है. जेपी नड्डा के बाद बीजेपी की कमान नये नेता को सौंपी जा सकती है. राजनीतिक गलियारों में कई नाम चर्चा में हैं. वहीं इस रेस में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम भी शामिल है. अटकलों और चर्चाओं के बीच देवेंद्र फडणवीस शनिवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय पहुंचे.

ऐसे कयास इसलिए भी लग रहे हैं क्योंकि उन्होंने शनिवार को नागपुर में स्थित आरएसएस के कार्यालय में संघ के कुछ पदाधिकारियों से मुलाकात की. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों से फडणवीस की मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है. हालांकि फडणवीस ने बीजेपी अध्यक्ष बनने के खबरों को खारिज कर दिया है.

देवेंद्र फडणवीस रेशिमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर पहुंचे. उन्होंने दर्शन पूजन के बाद आरएसएस पदाधिकारियों से मुलाकात की. आरएसएस और फडणवीस के बीच मुलाकात में होने वाली चर्चाओं का पता नहीं चल सका है. बता दें कि लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफा की पेशकश की थी.

### RSS पदाधिकारियों से मुलाकात के क्या हैं मायने?

उनके इस्तीफे पर पार्टी संगठन की ओर से फैसला नहीं किया गया था. नागपुर में बीजेपी का सम्मेलन आयोजित होने वाला है. उपमुख्यमंत्री बीजेपी के सम्मेलन में शामिल होंगे. शुक्रवार को फडणवीस से शीर्ष पद के लिए चल रही चर्चा पर प्रतिक्रिया मांगी गयी थी. उन्होंने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नाम विचार किये जाने को खारिज कर दिया था. उन्होंने मीडिया की कोरी अफवाह बताते हुए शीर्ष पद के लिए नाम विचार किये जाने की खबर को बेबुनियाद बताया था. सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस को संगठन में बड़ी भूमिका दी जा सकती है.

# मनसे के 2 की उम्मीदवारों की राज ठाकरे ने की घोषणा

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. मुंबई की शिवडी विधानसभा से बाला नांदगांवकर और पंढरपुर से दिलीप धोत्रे को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने उम्मीदवार बनाया है. राज ठाकरे की इस रणनीति ने एमवीए और महायुति (एनडीए) दोनों को टेंशन में डाल दिया है.

लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे ने एनडीए को समर्थन दिया था. महायुति की रैलियों में भी शामिल हुए. तब माना गया कि एमएनएस विधानसभा चुनाव में बीजेपी के साथ गठबंधन करेगी और सीट बंटवारे में उसे तव्वजो मिलेगी. हालांकि लोकसभा चुनाव में महायुति को बड़ा झटका लगा और सीटों का नुकसान हुआ. अब राज



ठाकरे ने एकला चलो की रणनीति बनाई है. ये बीजेपी और उसके गठबंधन साथी के लिए किसी बड़ी टेंशन से कम नहीं है.

राज ठाकरे ने 25 जुलाई को ऐलान किया था कि एमएनएस राज्य में 225 से 250 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, "किसके साथ गठबंधन होगा, कितनी सीटें मिलेंगी इस भ्रम में नहीं रहें." राज ठाकरे ने कहा था, "आने वाली विधानसभा चुनाव में मुझे कुछ भी करके महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारी, कार्यकर्तोंओ को सत्ता मे बिठाना है. लोग मुझे पर हंसेंगे, पर मुझे कुछ फर्क नहीं पडेग़ा. पर यह होनेवाला है."

राज ठाकरे ने शिवसेना से बगावत कर साल 2006 में अपनी पार्टी एमएनएस बनाई थी. हालांकि चुनावी मैदान में उन्हें खास सफलता नहीं मिली है. अब तक एक भी सांसद राज ठाकरे की पार्टी से नहीं बना है. 2009 के विधानसभा चुनाव में राज ठाकरे की पार्टी ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया था. तब महाराष्ट्र में इसके 12 विधायक जीते थे. इसके बाद 2014 और 2019 के चुनाव में पार्टी को एक-एक सीट मिली. 2009 में राज ठाकरे की पार्टी एएनएस को 5.71 फीसदी, 2014 में 3.15 फीसदी और 2019 में 2.25 फीसदी वोट मिले.

# महिला को बचाने आए 2 लोगों को होटल मालिक और नौकरों ने बेरहमी से पीटा

- धारदार हथियार से हमला कर किया लहूलुहान
- होटल मालिक सहित सभी आरोपी गिरफ्तार





**भिवंडी.** शांति नगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत नागांव गायत्री नगर इलाके में होटल मालिक ने सामान खरीदने गई एक लड़की को अपशब्द कहा था.जब लड़की की मां होटल मालिक से पूछने गई तब होटल मालिक ने महिला से मारपीट शुरू कर दी. महिला की मदद के लिए दौड़े 2 लोगों को होटल मालिक और 3 वेटरों ने पीटा, और स्क्रू ड्राइवर व चाकू से हमला कर दोनो को गंभीर रूप से घायल कर लहूलुहान कर दिया. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.सभी आरोपियों को शांतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. कोर्ट ने सभी आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक, गायत्री नगर निवासी रेणुका ज्ञानेश्वर माने की छोटी बेटी जब अपने घर के पास वेलकम होटल में खाने का सामान लाने गई तो होटल मालिक रऊफ शेख ने उसकी मां के बारे में बुरी बातें कहकर लड़की से कहा कि मुझे पापा कहो और उसका अपमान किया. लड़की ने घर जाकर घर में पूरी बात मां को बताया तो लड़की की मां रेणुका माने होटल मालिक से पूछने होटल गई.उसी समय होटल मालिक रऊफ शेख उनके साथ अभद्र भाषा में गाली-गलौज कर झगड़ा करने लगा.उसी समय महिला का परिचित विकास शिवशंकर यादव महिला को बचाने गया, तो होटल मालिक रऊफ शेख और होटल के वेटर आलम, विशाल, रियाज, विलास और अजय ने मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया. इसी बीच रउफ शेख ने विकास के कंधे के बगल में पेचकस से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. वेटर आलम ने विकास को जान से मारने की नियत से चाकू जैसे धारदार हथियार से सिर और पीठ पर ताबड़तोड़ वार किए. उसी समय विकास की मदद के लिए उसका दोस्त उमेश पाटिल दौड़ कर आया तो वेटर विशाल और रियाज ने उसके हाथ और पैर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

रेणुका माने की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में होटल मालिक रऊफ शेख और होटल के वेटर आलम, विशाल, रियाज, विलास और अजय के खिलाफ विभिन्न धारा में अपराधिक मामला दर्ज किया है. जांचकर्ता सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश घुगे ने बताया कि, सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर भिवंडी अदालत में पेश किया गया. न्यायाधीश ने आरोपियों को 2 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

# ठाकुर्ली और कल्याण के बीच ओवरहेड तार टूटा



- मध्य रेल सेवा बाधित
- यात्री पैदल चलकर सड़क पर आ गये

**कल्याण.** ठाकुर्ली और कल्याण के बीच ओवरहेड तार टूटने से यातायात बाधित हो गया है. सोमवार को डोंबिवली ठाकुरली रेलवे लाइन पर एक ओवरहेड तार टूटकर ट्रैक पर गिर गया, जिससे जोरदार धमाका हुआ और लोकल ट्रेन रुक गई। हादसा दोपहर करीब 3:00 बजे हुआ, ठाकुर्ली और कल्याण रेलवे स्टेशनों के बीच ओवरहेड तार टूटने के कारण कर्जत और कसारा की ओर यातायात बाधित हो गया है। मुंबई ट्रेन अपडेट्स ग्रुप ने यह जानकारी दी है. ओवरहेड तार टूटने की सूचना मिलने पर रेलवे कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे।

दोपहर होने के कारण लोकल में यात्रियों की संख्या कम थी. ठाकुर्ली रेलवे स्टेशन और कचोरे गावदेवी मंदिर के बीच लोकल बंद होने के कारण यात्री पैदल ही ठाकुर्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे। कुछ यात्रियों ने वहां से 90 फीट रोड पर रिक्शा से कल्याण जाने का विकल्प चुना. कल्याण, बदलापुर के धीमे मार्ग पर लोकल ओवरहेड तार टूट गया। इसलिए इस लोकल के बाद कल्याण की ओर जाने वाले कल्याण, टिटवाला, कसारा, कसारा, अंबरनाथ, कर्जत, खोपोली, ठाकुरली, डोंबिवली, कोपर, दिवा इलाके फंसे रहे।

## आम सूचना

मैं श्रीमती पुष्पा संदीप आखाडे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 27 के पास, भीमनगर पोर्शन, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 07एओ017844900) उक्त प्रॉपर्टी श्री शांतीलाल दिगंबर जाधव के नाम पर है। उनका निधन 8.9.2023 हो हुआ है। श्रीमती अक्काबाई शांतीलाल जाधव, श्री भिमराव शांतीलाल जाधव व श्री हेमंत शांतीलाल जाधव ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 5.8.2024 सी.नं. 3752/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती पुष्पा संदीप आखाडे**

## आम सूचना

हम श्रीमती लक्ष्मी भगवानदास ठाकुर व मिस दीपिका भगवान ठाकुर सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 20, 4था माला, जय श्री कृष्ण अपार्टमेंट, उल्हासनगर म्यूनिसीपल आफीस के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 11बीआय004302200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चन्दरा मनोहरलाल नागदेव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.7.2024 सी.नं. 323 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती लक्ष्मी भगवानदास ठाकुर**
**व मिस दीपिका भगवान ठाकुर**

# शिशु को 6 महीने तक स्तनपान करवाना जरूरी



**ठाणे.** हर साल 1 अगस्त से 7 अगस्त के दरम्यान विश्व स्तनपान दिवस पूरी दुनिया मनाया जाता है। इस साल भी केंद्र व राज्य सरकार के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के अगुवाई में जिलें के स्वास्थ्य विभाग की ओर से मनाया जा रहा है। स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना, बच्चों की मृत्यु दर में कमी, बच्चों के जन्म के बाद 6 महीने तक स्तनपान करवाना आवश्यक है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे ने दिया। इस साल के विश्व सप्ताह के लिए माता व बच्चों के बीच में अंतर में कमी। स्तनपान के लिए जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। इस सप्ताह में प्रसूती विभाग में करने वाले सभी स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ नर्स, एएनएम,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बच्चे के जन्म के 1 घंटे के अंदर स्तनपान को शुरू करने के लिए प्रशिक्षण आयोजित कर रहे है।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्तनपान व बच्चों के पोषण के लिए विशेष ध्यान रखें और नियमित टीकाकरण आदि के लिए स्वास्थ्य सेविका व सामुदायिक अधिकारी और आशा वर्कर के जरिए स्तनपान कराने वाली माताओं को आयरन की गोली और कैल्शियम की गोली लगातार 180 दिन नियमित सेवन करने के लिए कहा। बच्चे के जन्म के बाद 6 महीने तक स्तनपान करवाना परिवार की जिम्मेदारी है।माता को प्रोत्साहित करना पौष्टिक आहार की व्यवस्था करना चाहिए।साथ ही बच्चे पर भी ध्यान रखना आवश्यक है यह आवाहन डॉ स्वाती पाटिल ने परिजनों से किया है।

# कल्याण में कामकाजी लड़की विनयभंग



**कल्याण.** पिछले एक महीने से कल्याण में एक 24 वर्षीय कामकाजी लड़की का पीछा करने के बाद लड़की का विनयभंग किया है. खड़कपाड़ा पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर मोहसिन शेख (24) के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसने मेरे प्यार को ठुकराने पर जान से मारने की धमकी दी और युवती से छेड़छाड़ की।

पीड़िता कल्याण पश्चिम में रहती है. वह उसी इलाके में एक व्यावसायिक परिसर में काम करती है। आरोपी मोहसिन शेख कल्याण के सिंधीगेट इलाके में रहता है. पीड़ित लड़की और आरोपी तरूण मोहसिन की पहचान नान फूड वर्टेक्स व्हाट्सएप ग्रुप से मिले मोबाइल नंबर से हुई. आरोपी मोहसिन पिछले एक महीने से पीड़िता का पीछा कर रहा था और उससे प्यार का दावा कर रहा था लेकिन पीड़िता उसे दाद नहीं दे रही थी.

जब पीड़िता अपने कार्यस्थल और काम से घर जाने के लिए घर से निकलती थी, तो आरोपी उसका पीछा करता था। वह उससे घूमने के लिए आने का आग्रह करता था। पुलिस ने बताया कि एक बार पीछा करने के दौरान आरोपी ने पीड़िता को रोका, उसका हाथ पकड़ा और उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित युवती एक माह से चल रहे इस तरह के व्यवहार से पीड़ित थी।

इसके बाद परिवार की पहल पर पीड़िता ने खड़कपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज करायी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वाघमोड़े के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक पी. बी. सेबल जांच कर रहे हैं. कुछ महिला संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

## आम सूचना

मैं श्रीमती भारती तोलाराम अछरिया सभी को सूचित कर रही हूं कि हाऊस. 729 चौ.फुट, सामने रुम नं. 19-ए, सेक्शन 19, सामने बैरक नं. 855, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 32सीओ006094400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पूनम हरेश डोरा के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 25.11.2019 सी़.नं. 955 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती भारती तोलाराम अछरिया**

## आम सूचना

हम श्री हासानंद विशिनदास पहुजा व श्रीमती नैना हासानंद पहुजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 1, 1ला माला, विकी मनोज अपार्टमेंट, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 24बीआय017131200) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजकुमार बाशाराम पहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.1.202 सी.नं. 105 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हासानंद विशिनदास पहुजा**
**व श्रीमती नैना हासानंद पहुजा**

# मुझे कोई आपत्ति नहीं -शेफाली जरीवाला

टीवी एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला को आज भी लोग कांटा लगा गर्ल से के नाम से जानते हैं। इस म्यूजिक वीडियो ने शेफाली को एक बड़ी पहचान दिलाई है।



शेफाली प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती रहती हैं।

पारस छाबड़ा ने अपने पॉडकास्ट में शेफाली जरीवाला के साथ हुई घटना का जिक्र किया। पारस कहते हैं, 'मैंने आपका एक रील देखा था, जिसमें आपका झुमका गिर जाता है और आप जैसे ही उसे उठाने के लिए झुकती हैं पारस भाई आपको रोक देते हैं। क्योंकि उन्हें कहीं न कहीं एहसास हो गया था कि कैमरे का फोकस आपके बैक (बट) पर है। फिर उन्होंने आपको वो उठाकर दिया।'

इसके बाद पारस शेफाली से पूछते हैं कि आपका क्या कहना है जो ऐसे बैक (बट) पर फोकस करते हैं। इस शेफाली ने कहा, 'मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं अपने बैक (बट) पर बहुत मेहनत करती हूं। मैं काफी स्क्वाट मारती हूं ताकि थोड़ा अच्छा दिखे, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। पराग त्यागी मुझे और मेरे एंगल को कवर करने के लिए वहां हैं। मैं शो बिजनेस में हूं, मैं किससे मजाक कर रही हूं? मैं किस लिए इतनी मेहनत कर रही हूं, इसलिए






## आम सूचना

मैं श्री सुशीलकुमार नंदकिशोर शर्मा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 402, 4था माला, शिव ओम को-आप. हाउसिंग. सो.लि., ब्लॉक नं. सी-78, रुम नं. 296, सी ब्लॉक एरिया, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 09एआय004051800) उक्त प्रॉपर्टी श्री संतोष पोपटलाल अग्रवाल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.7.2024 सी.नं. 15/334 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुशीलकुमार नंदकिशोर शर्मा**

## आम सूचना

मैं श्रीमती सुनीता पारसनाथ यादव सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 300 चौ.फुट, बैरक नं. 728 के पीछे, संतोषी माता झोपड़पट्टी, संतोषी माता मंदिर के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 25बीओ019810600) उक्त प्रॉपर्टी श्री ओमप्रकाश एस. निशाद के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 23.4.2021 सी़.नं. 465 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुनीता पारसनाथ यादव**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099